प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में चार सीटों के लिए आज नामांकन प्रक्रिया समाप्त, कुल 65 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, खूंटी से 16, सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17 और पलामू से 11 नामांकन दाखिल, नामांकन पत्रों की कल होगी जांच।
- पांचवे चरण में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा समेत देश के उनचास लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना, तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे उम्मीदवार।
- झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से विधायक समीर मोहन्ती को बनाया प्रत्याशी, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन पार्टी की होंगी उम्मीदवार।
- रांची के मतदाता कल तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम, जिला प्रशासन द्वारा मोरहाबादी में सवेरे छह से 9 बजे तक लगाया जाएगा विशेष शिविर।
- राजधानी रांची में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 30 अप्रैल से, झारखंड समेत हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा की टीम लेगी हिस्सा ।

********************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड की चार सीट समेत देशभर की छियान्बे सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज समाप्त हो गई। राज्य के अपर निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि इन चारों सीटों के लिए कुल 65 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। इनमें खूंटी से 16, सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17 और पलामू से 11 नामांकन दाखिल किए गए हैं। आज नामांकन के अंतिम दिन सिंहभूम सीट के लिए 8, खूंटी के लिए 7, लोहरदगा के लिए 7 और पलामू के लिए 3 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पर्चा भरा गया। आज नामांकन करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में लोहरदगा सीट से कांग्रेस के सुखदेव भगत शामिल हैं। इधर नामांकन पत्रों की जांच कल होगी जबकि 29 अप्रैल को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

********************

निर्वाचन आय़ोग द्वारा पांचवे चरण में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा समेत देश की उनचास लोकसभा सीटों के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस चरण में प्रत्याशी तीन मई तक अपना पर्चा दाखिल कर सकते हैं। इस चरण में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा ने कोडरमा से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग से मनीष जायसवाल औऱ चतरा से कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, इंडी गठबंधन से सीपीआई एमएल के विनोद सिंह कोडरमा, कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल हजारीबाग और केएन त्रिपाठी चतरा से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से विधायक समीर मोहन्ती को प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की उम्मीदवार होंगी। वहीं, माकपा ने राजमहल लोकसभा सीट से गोपीन सोरेन को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वे नौ मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि झारखंड में माकपा ने सिर्फ एक सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने मानहानि के एक मामले में चाईबासा के एमपी–मएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के राहुल गांधी के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट और निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। न्यायाधीश राजेश कुमार की अदालत में इस मामले पर सुनवाई करते हुए पिटिश्नर को नोटिस जारी किया है। चाईबासा की निचली अदालत ने इस वर्ष 27 फरवरी को राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

********************

पाकुड़ जिले के उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने के लिए आज समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जिन इलाकों में कम मतदान हुआ था, वहां मतदाताओं को विशेष रुप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

********************

रांची जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कल मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप कल भी सवेरे छह से नौ बजे तक शिविर लगाया जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं के पास अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का यह अंतिम मौका है। वहीं, आज लगे इस शिविर में कुल अठारह मतदाताओं ने आवेदन पत्र भरा। निर्वाचन आय़ोग द्वारा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में यह पहल की जा रही है।

********************

हजारीबाग जिले में पारा के 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विस्तृत ब्यौरा के साथ हमारे संवाददाता–

********************

रांची की मेजबानी में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन तीस अप्रैल से नौ मई तक होगा। इस लीग में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेले जाने वाले लीग में झारखंड के अलावा हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा की टीमें हिस्सा लेगी. इसके आय़ोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

********************

गोड्डा जिले के उपायुक्त जीशन कमर ने सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र में 17 अप्रैल को एक पुलिस जमादार द्वारा फायरिंग के दौरान एक पहाड़िया जनजाति के एक युवक की मौत को लेकर तीन सदस्यीय जांच कमिटी बनाई है।

********************

सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर नगर निगम द्वारा सीतारामपुर डैम के फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी, ताकि पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। निगम के प्रशासक ने बताया कि आदित्यपुर में तीन सौ नब्बे करोड़ रुपए की लागत से वृहद जलापूर्ति योजना का कार्य हो रहा है।

********************

<u>अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- रांची–भागलपुर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन आज रांची स्टेशन से अपने निर्धारित समय रात्रि ग्यारह बजकर पच्चीस मिनट की बजाय दो घंटे विलंब से रवाना होगी।
- सीबीआई की विशेष अदालत ने कैश कांड के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।
- पलामू जिले के छतरपुर थाना स्थित अर्जुनडीह गांव में आज नदी में नहाने के क्रम में दो नाबालिग और सगी बहनों की मौत हो गई।
- सिदो–कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका के यूजी सेमेस्टर–टू की परीक्षा आज से शुरु हो गई। इसके बनाए गए कुल तेरह परीक्षा केंद्रों में छब्बीस हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।
- देवघर जिला पुलिस कई आपराधिक कांडों के वांछित अपराधी ढिल्लन सिंह को आज गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी इलाके से पुलिस ने पुलिस ने ठगी करने के एक आऱोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में ठगी के अठारह मामले दर्ज हैं। वहीं, बांधगाड़ी इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

*********************

दुमका में विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को इस बीमारी से बचाव के प्रति जागरुक करने के लिए आज सेमिनार, संवाद और पेंटिंग प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में इस वर्ष अबतक बाइस हजार से ज्यादा लोगों के मलेरिया की जांच की जा चुकी है।

*******समाप्त*******